केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

केमाशिबो-शैक्षणिक/उप-सचिव (शैक्षणिक)/2018 22 अक्टूबर , 2018

परिपत्र सं. : शैक्षणिक-38/2018

केमाशिबो से संबद्ध सभी स्वतंत्र विद्यालय

विषय : केमाशिबो विज्ञान प्रदर्शनी - 2018-19

विज्ञान समाज का एक अविभाज्य अंग है क्योंकि यह हमारे आस-पास की दुनिया को तार्किक रूप से समझने में मदद करता है और जीवन के मानकों में सुधार करता है। हमारे बच्चों को उनके आसपास हर दिन होने वाले नए वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के निष्पक्ष और टिकाऊ अनुप्रयोग के विषय में सूचित करने और निर्णय लेने के लिए तैयार करना आवशयक है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (केमाशिबो) द्वारा नवाचार के लिए दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने के लिए पहल की जा रही है और विज्ञान व तकनीकी के उपयोग में रचनात्मक और उत्तरदायी होने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन एकमात्र पहल है। इस क्रिया का उद्येश्य विद्यालयों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सीखने तथा उनके मौजूदा विचारों को नए विचारों के साथ जोड़कर तथा पारस्परिक अनुभव से सीखने के लिए मंच प्रदान करना है।

शैक्षणिक सत्र 2018-19 के लिए विज्ञान प्रदर्शनी नवंबर/दिसंबर 2018 में क्षेत्रीय स्तर पर देश के विभिन्न भागों में आयोजित की जाएगी । राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शनी क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित होने के पश्चात आयोजित की जाएगी और तिथियों की जानकारी के विषय में बाद में अधिसूचित किया जाएगा।

2018-19 के लिए विज्ञान प्रदर्शनी के लिए विषय और उप-विषय

| विषय | उप-विषय |
|---|---|
| जीवन की चुनौतियों के लिए वैज्ञानिक हल | 1. कृषि और जैविक कृषि<br>2. स्वास्थ्य और स्वच्छता<br>3. संसाधन प्रबंधन<br>4. अपशिष्ट प्रबंधन<br>5. परिवहन और संचार<br>6. गणितीय मॉडलिंग |

ध्यान दें:

- छात्र उपरोक्त सूचीबद्ध छः उप-विषयों के अलावा किसी उप-विषय पर एक प्रदर्शनी/ मॉडल तैयार कर सकते हैं परंतु जैसा कि उपरलिखित है मॉडल प्रदर्शनी के मुख्य विषय के संदर्भ में होना चाहिए । कुछ विचार जो

नए हैं और भविष्य में भी लागू हो सकते हैं, को प्रस्तुतियों और चर्चाओं के रूप में भी प्रस्तुत किया जा सकते हैं।

- विशिष्ट क्षमता वाले छात्रों द्वारा विकसित कोई भी प्रदर्शनी / मॉडल / विचार केवल उन्हीं छात्रों द्वारा प्रदर्शित किया जाना चाहिए । प्रविष्टियों को एक सक्षम प्राधिकारी से जारी विकलांगता प्रमाण पत्र के साथ होना चाहिए। भारत सरकार द्वारा इस श्रेणी के तहत विकलांगता मानदंडों का पालन किया जाएगा।

## भागेदारी के लिए दिशानिर्देश

1. भाग लेने के इच्छुक सभी विद्यालयों को अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता है।
2. ऑन-लाइन पंजीकरण फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 12 नवंबर, 2018 और बैंक से भुगतान पुष्टि की तिथि 15 नवंबर, 2018 है।
3. पंजीकरण शुल्क का ऑनलाइन के माध्यम से भुगतान नीचे दिए गए विवरणों के अनुसार किया जाना चाहिए।

| | |
|---|---|
| भारतीय विद्यालयों के लिए | रु. 1000/- प्रति पंजीकृत टीम |
| बाह्य (विदेशी) विद्यालयों के लिए | रु. 2000/- प्रति पंजीकृत टीम |

4. वर्तमान शैक्षिक वर्ष 2018-19 में कक्षा 6ठी से 11वीं में पढ़ रहे छात्र भाग ले सकते हैं।
5. भाग लेने वाला विद्यालय अधिकतम दो प्रदर्शन / प्रोजेक्ट / मॉडल रख सकता है।
6. विद्यालय की टीम में अधिकतम 02 छात्रों और एक विज्ञान शिक्षक द्वारा प्रदर्शनी में प्रतिनिधित्व किया जाएगा।
7. यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि छात्रों का एक बार ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद प्रदर्शनी के किसी भी चरण मे बदला नहीं जाएगा।
8. टाइप किए गए संक्षिप्त लेखन (1000 से अधिक शब्द नहीं) सहित पूरा आवेदन फीस रसीद के साथ ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म की प्रत्येक प्रदर्शनी और मुद्रित प्रति प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित और अग्रेषित किया जाए , जिसे निम्नलिखित पते पर24 नवंबर, 2018 तक भेजा जाए ।

सुश्री अंजलि छाबड़ा (उप-सचिव)
केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
"शिक्षा सदन", 17, राउज़ एवेन्यू
नई दिल्ली - 110002

9. क्षेत्रीय स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने वाली स्कूल टीम वही रहनी चाहिए।
10. एक बार चयनित उप विषय को बदला नहीं जा सकता है।

11. प्रदर्शनी / मॉडल में शामिल हो सकते हैं -
    - एक अवधारणा, सिद्धांत या एक प्रक्रिया की व्याख्या करने के लिए कार्य मॉडल
    - एक मशीन / डिवाइस का एक स्वदेशी डिजाइन
    - एक अभिनव / अल्पमूल्य डिजाइन या तकनीक
    - विज्ञान / प्रौद्योगिकी के बुनियादी सिद्धांतों का उपयोग
    - उत्पादन लागत को कम करने के लिए किसी डिवाइस या मशीन की योजना / डिज़ाइन
    - जांच आधारित अध्ययन
    - प्रस्तुतियों के रूप में नए और अभिनव विचार
12. यह ध्यान रखा जाये कि प्रदर्शन की तैयारी में पर्यावरण अनुकूल सामग्री का उपयोग किया जाये।
13. प्रदर्शनों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा :

| | |
|---|---|
| • छात्रों की अपनी रचनात्मकता और कल्पना | 20% |
| • प्रदर्शनी / मॉडल में मौलिकता और वैज्ञानिक और गणितीय नवाचार | 15% |
| • वैज्ञानिक विचार / सिद्धांत / दृष्टिकोण | 15% |
| • तकनीकी कौशल, कारीगरी, शिल्प कौशल आदि | 15% |
| • समाज के लिए उपयोगिता, मापनीयता / शैक्षिक मूल्य | 15% |
| • आर्थिक (कम लागत), सुवाहयता, स्थायित्व, भविष्य में इसकी प्रयोज्यता का दायरा आदि | 10% |
| • प्रस्तुति - प्रदर्शन, स्पष्टीकरण और प्रदर्शन जैसे पहलुओं | 10% |

14. विषय के संदर्भ में उप-विषयों से संबंधित कुछ उदाहरण अनुलग्नक - I. के रूप में संलग्न है।
15. उपरलिखित बिन्दु सं. 05 के तहत एक संक्षिप्त लेखन (1000 से अधिक शब्द नहीं) अनुलग्नक - 2 में दिए गए दिए गए प्रोफार्मा के अनुसार जमा किया जाना चाहिए।
16. भाग लेने वाले विद्यालय / टीम को भागीदारी में शामिल सभी खर्चों को वहन करना होगा ।
17. भाग लेने वाली टीमों को प्रदर्शनी स्थल पर अपनी ठहरने /बोर्डिंग की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

प्रदर्शनी के संचालन से संबंधित प्रमुख बिंदु -

1. प्रदर्शनी का पहला चरण प्रत्येक क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। स्थल के विषय में बाद में प्रसारित / अधिसूचित किया जाएगा।
2. प्रत्येक क्षेत्रीय स्तर पर चयनित सर्वोत्तम चौबीस प्रदर्शन (प्रदर्शनी की गुणवत्ता के अनुसार संख्याओं में वृद्धि या कमी हो सकती है) राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने के लिए योग्य होंगे।
3. क्षेत्रीय स्तर की वास्तविक तिथियों को प्रत्येक विद्यालय को सूचित किया जाएगा और विस्तृत जानकारी केमाषिबो की वेबसाइट www.cbseacademic.in पर उपलब्ध होगी।

4. विद्‌यालयों को केमाशिबो की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशानिर्देशों का पालन करने की सलाह दी जाती है।
5. राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए सर्वोत्तम प्रविष्टियों के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।
6. राष्ट्रीय स्तर विज्ञान प्रदर्शनी के विजेताओं के नाम 2019 में एनसीईआरटी द्‌वारा आयोजित बच्चों के लिए होने वाले 46वें जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय विज्ञान गणितीय व पर्यावरणीय प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए एनसीईआरटी को भेजे जाएंगे। प्रदर्शनी में भागीदारी के लिए पुष्टि उनके चयन के अनुसार की जायेगी।

इस संबंध में किसी अन्य जानकारी के लिए, आप दूरभाष नं. -011-23231247 पर संपर्क कर सकते है या cbse.science.exb18@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

(डॉ. जोसफ इमानुवल)
निदेशक (शैक्षणिक)